PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Wed, 21 Jun 2017, Page 11
Width: 25.10 cms, Height: 20.57 cms, a3r, Ref: 39.2017-06-21.110

युवा शक्ति और तकनीक से बढ़ेंगे आगे

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

लखनऊ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश में 800 मिलियन युवा और अत्याधुनिक तकनीक को मिलाकर हम रक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में दुनिया में समर्थ बन सकते हैं। इसके लिए प्रयोगशालाओं में पूरा जीवन बिता देने वाले वैज्ञानिको को भी आगे आना होगा।

श्री मोदी यहां लखनऊ में डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के नये भवन के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ-कानपुर के बीच 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन. को भी राष्ट्र को समर्पित किया और प्रधानमंत्री आवास योर्जना (ग्रामीण) के दस लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किये।

डा. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय के नए भवन का उद्घाटन समारोह

लखनऊ। मंगलवार को एकेटीयू में आयोजित कार्यक्रम में महिला को 'पीएम ग्रामीण आवास योजना' का प्रमाण पत्र देते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। साथ में हैं राज्यपाल राम नाईक व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : स्वपन पॉल/एसएनबी

एकेटीयू में प्रधानमंत्री मोदी तकरीबन 60 मिनट रहे और अपने 28 मिनट के सम्बोधन में केन्द्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के भवन और प्रयोगशाला के निरीक्षण के दौरान वैज्ञानिको से मंत्रणा की जानकारी भी दी। श्री मोदी ने प्रयोगशालाओ में काम करने वाले वैज्ञानिको को ऋषि बताते हुए कहा कि वह मानवता के लिए ऐसे ड्रग्स बनाते हैं जो सस्ते और कारगर होने के साथ ही उनके साइड इफेक्ट नहीं होते हैं और त्वरित उपचार भी करते हैं, लेकिन एक ड्रग निर्माण में इतना समय लग जाता है कि जब तक दूसरी बीमारी निकल कर सामने आ जाती है।

उन्होंने कहा कि अब चिकित्सा क्षेत्र में भी डाक्टरों से ज्यादा तकनीक का इस्तेमाल होने लगा है। मशीने परीक्षण करने के बाद बीमारी बताती हैं और फिर उसका उपचार होता है, ऐसे में युवाओ को तकनीक के क्षेत्र में और आगे आकर देश को समक्ष बनाने की दिशा में काम करना होगा।

श्री मोदी ने कहा कि चिकित्सा की तरह सुरक्षा के क्षेत्र में अभी काफी कुछ करना है। हमें देश को रक्षा में आत्मनिर्भर बनाना होगा। मोदी ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में 100 फीसद एफडीआई लेकर आये, इसके साथ ही निजी क्षेत्र की कम्पनियों के लिए साझेदारी खोली है।

अभी हम जो भी विदेशों से मंगाते हैं, चाहे वह आयुध उपकरण हो या फिर तकनीक, निर्भर रहना पड़ता है। हमारी 800 मिलियन युवा शक्ति व अत्याधुनिक तकनीक मिलकर देश को दुनिया के सामने आत्मनिर्भर बनाने की क्षमताहै।

पीएम ने उम्मीद जतायी कि युवा नयी ऊचानियों पर देश को ले जाकर रहेगा। उन्होंने मंगल ग्रह तक देश के वैज्ञानिको के सफर और हाल में 104 सैटेलाइटों के सफल प्रक्षेपण का भी जिक्र किया। मोदी नेकहा कि युवाओ के लिए पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम से बढ़कर कोई प्रेरणादायी नहीं हो सकता है, इस विवि में उनका नाम जुड़ने से युवाओ की भूमिका और बढ़ जाती है।